प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी भोपाल
दिनांक : 24.11.2024 समय : 07.10pm

मुख्य समाचार :–

- मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने कि इंदौर में एक पेड़ मां के नाम अभियान में बने रिकार्ड की सराहना।
- देश में पहली बार आयोजित वैश्विक सहकारी सम्मेलन का प्रधानमंत्री कल करेंगे उद्‌घाटन।
- मुख्यमंत्री आज से यूके और जर्मनी के दौरे पर निवेशकों और उद्योगपतियों के साथ करेंगे चर्चा।
- प्रदेश में सर्दी का असर बढ़ा। भोपाल में 36 साल का रिकार्ड टूटा। पचमढ़ी में पारा 5 दशमलव 8 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचा।

मन की बात प्रदेश

आकाशवाणी पर आज मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने "एक पेड़ मां के नाम" अभियान अंतर्गत इंदौर में पेड़ लगाने के बने रिकॉर्ड का उल्लेख करते हुए कहा कि मध्यप्रदेश के इंदौर में अभियान अंतर्गत 24 घंटे में 12 लाख से ज्यादा पेड़ लगाए गए।

नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने डिजिटल क्रांति में बुजुर्गों को भागीदार बनाने के लिए युवाओं द्वारा की जा रही पहल के अंतर्गत भोपाल के महेश का उल्लेख करते हुए कहा कि उन्होंने अपने मोहल्ले के कई बुजुर्गों को मोबाइल के माध्यम से पेमेंट करना सिखाया है। इन बुजुर्गों के पास स्मार्टफोन तो था, लेकिन उसका सही उपयोग बताने वाला कोई नहीं था। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने आहवान किया कि बुजुर्गों को डिजिटल अरेस्ट के खतरे से बचाने के लिए भी युवा आगे आएं।

नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री

मन की बात प्रतिक्रिया

मन की बात कार्यक्रम में मध्यप्रदेशवासियों की सराहना किए जाने को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गर्व और प्रेरणा का विषय बताया है। मुख्यमंत्री ने मुंबई प्रवास के दौरान प्रधानमंत्री श्री मोदी के "मन की बात" कार्यक्रम के 116 वां संस्करण सुना। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के "मन की बात" कार्यक्रम से सदैव कुछ नया करने की प्रेरणा मिलती है।

इस बीच एक पेड़ मां के नाम अभियान में इंदौर द्वारा बनाए गए रिकॉर्ड का उल्लेख प्रधानमंत्री द्वारा किए जाने से शहर वासियों में उत्साह माहौल है। इंदौर के सांसद शंकर लालावानी ने प्रधानमंत्री का आभार जताते हुए कहा कि इंदौर शहर प्रधानमंत्री के हर आव्हान पर उनके साथ हो जाता है।

शंकर लालवानी, सांसद इंदौर

मन की बात

मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने युवाओं से राजनीति में शामिल होने का आग्रह किया है। श्री मोदी ने कहा कि ऐसे एक लाख युवाओं को राजनीति से जोड़ने के लिए देश में कई विशेष अभियान चलाए जाएंगे। श्री मोदी ने अगले वर्ष स्वामी विवेकानंद की 162वीं जयंती पर दिल्ली में 'विकसित भारत युवा नेतृत्व संवाद' आयोजित करने की घोषणा की। प्रधानमंत्री ने कहा कि देश में भारत की प्राचीन समुद्री क्षमता से जुड़े साक्ष्यों को संरक्षित करने का अभियान भी चल रहा है। इसके अंतर्गत लोथल में एक बड़ा संग्रहालय भी बनाया जा रहा है। श्री मोदी ने गौरैया के बारे में बात करते हुए कहा कि जैव–विविधता को बनाए रखने में गौरैया की प्रमुख भूमिका है। प्रधानमंत्री ने बच्चों के जीवन में गौरैया को वापस लाने के लिए किए जा रहे कुछ अनूठे प्रयासों के कुछ उदाहरण भी दिए।

<u>प्रधानमंत्री–सहकारी सम्मेलन</u>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल नई दिल्ली के भारत मंडपम में आईसीए वैश्विक सहकारी सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे। अंतरराष्ट्रीय सहकारी गठबंधन के एक सौ तीस वर्षों में पहली बार वैश्विक सहकारी सम्मेलन और आम सभा का आयोजन भारत में किया जा रहा है। इस अवसर पर श्री मोदी अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष–2025 पर स्मारक टिकट जारी करेंगे। हमारे संवाददाता ने बताया है कि इस सम्मेलन में भूटान के प्रधानमंत्री दाशो शेरिंग तोबगे और फिजी के उप प्रधानमंत्री मनोआ कामिकामिका भी शामिल होंगे।

<u>सर्वदलीय बैठक</u>

संसद का शीतकालीन सत्र कल से शुरू हो रहा है। इसके पूर्व आज सरकार ने सर्वदलीय बैठक बुलाई इसकी अध्यक्षता रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने की। बैठक के बाद संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा है कि सत्र के दौरान सभी मुद्दों पर चर्चा के लिए सरकार तैयार है। श्री रिजिजू ने विपक्षी दलों से सत्र के सुचारू संचालन में सहयोग करने का आग्रह किया। शीतकालीन सत्र 20 दिसंबर तक चलेगा।

बाईट– किरेन रिजिजू

<u>मुख्यमंत्री दौरा</u>

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज से यूके और जर्मनी के दौरे पर हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि फरवरी में होने वाले वैश्विक निवेशक सम्मेलन के लिए वह विदेशों के निवेशकों को आमंत्रित करेंगे। अपनी यात्रा के दौरान मुख्यमंत्री ऑटोमोबाइल सेक्टर, इलेक्ट्रॉनिक व्हीकल, नवकरणीय ऊर्जा, शिक्षा और खाद्य प्र–संस्करण के क्षेत्र में निवेश के लिये उद्योगपतियों एवं निवेशकों से वन–टू–वन चर्चा करेंगे। यह दौरा 30 नवंबर तक चलेगा।

<u>मौसम</u>

भोपाल समेत प्रदेशभर में उत्तरी हवाओं की वजह से सर्दी का असर तेज हो गया है। ग्वालियर–चंबल में भी कोहरा छा रहा है। भोपाल में कल रात का तापमान 8.8 डिग्री पर पहुंच गया। जो नवंबर माह में 36 साल बाद सबसे कम तापमान है।

मौसम वैज्ञानिक डॉ. वेद प्रकाश सिंह ने बताया कि उत्तर से बर्फीली हवा का सबसे ज्यादा असर भोपाल संभाग और उसके आसपास हो रहा है। वहीं, इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर, उज्जैन में भी तापमान सामान्य से 5 डिग्री कम है। प्रदेश में सबसे कम तापमान पचमढ़ी में 5.8 डिग्री सेल्सियस रहा। मौसम विभाग के अनुसार अगले 3 दिन प्रदेश में कड़ाके की ठंड रहेगी।

<u>इफ्फी</u>

55वें भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में क्रिएटिव माइंड्स ऑफ टुमॉरो के परिणाम आज घोषित किए गए। टीम ग्रीन की फिल्म गुल्लू ने सर्वश्रेष्ठ फिल्म का पुरस्कार जीता। इसके लिए टीम ग्रीन को 5 लाख रुपये

का नकद पुरस्कार दिया गया। इसी फिल्म के पुष्पेंद्र कुमार ने सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार जीता। लवफ्लिक्स सब्सक्रिप्शन फिल्म के लिए विशाखा नाइक को सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का पुरस्कार मिला।

प्रतियोगिता के लिए चुने गए 100 युवा प्रतिभागियों के एक समूह को 20–20 सदस्यों की पांच टीमों में विभाजित किया गया था। उन्हें 48 घंटों के भीतर एक लघु फिल्म बनाने का काम सौंपा गया था। इस पहल का मुख्य उद्देश्य फिल्म निर्माण के क्षेत्र में युवा प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करना है।

समाचार संक्षेप में .....

- झारखंड में झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन ने सरकार बनाने का दावा पेश किया। उन्होंने बताया कि 28 नवंबर को शपथ ग्रहण समारोह होगा।
- जेंडर आधारित हिंसा की रोकथाम के लिए जागरूकता का अभियान हम होंगे कामयाब 25 नवंबर से 10 दिसंबर तक चलाया जाएगा। महिला बाल विकास मंत्री निर्मला भूरिया कल इसकी शुरूआत करेंगी।
- एनसीसी दिवस के अवसर पर आज सीहोर शासकीय महाविद्यालय में रैली एवं रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रैली में एनसीसी कैडेट्स ने देश भक्ति, सड़क दुर्घटना जागरूकता, मद्यनिषेद जागरूकता के लिए नारे लगाये।
- नर्मदापुरम जिले में पराली जलाने पर पूर्णत प्रतिबंध लगा दिया गया है। जिला प्रशासन ने सभी किसानों, ग्रामीणों से अपील की है कि पर्यावरण संरक्षण में अपना योगदान दें।
- शहडोल में सामाजिक न्याय विभाग ने शिविर लगाकर 132 दिव्यांगों को जरूरी उपकरण का वितरण किया गया।
- भारत–आस्ट्रेलिया के बीच पर्थ में खेले जा रहे पहले टेस्ट मैच में आस्ट्रेलिया को 534 रनों का लक्ष्य मिला है। आज तीसरे दिन आस्ट्रेलिया ने 12 रन पर 3 विकेट खो दिए हैं।

--------------------